मिसाइल पार्क

drishtiias.com/hindi/printpdf/missile-park

प्रीलिम्स के लिये:

आईएनएस कलिंग, मिसाइल पार्क

मेन्स के लिये:

मिसाइल पार्क का महत्त्व

चर्चा में क्यों?

हाल ही में 28 मई, 2020 को भारतीय पूर्वी नौसेना कमान (Eastern Naval Command-ENC) 'आईएनएस कलिंग' में एक मिसाइल पार्क (Missile Park) 'अग्निप्रस्थ' (Aganeeprastha) की आधारशिला रखी गई है।

प्रमुख बिंदु:

- इस पार्क को उन सभी अधिकारियों, नाविकों और सहायक कर्मचारियों को समर्पित किया जाएगा जिन्होंने वर्ष 1981 में 'पूर्वी नौसेना कमान' की स्थापना के बाद से आईएनएस के 'ऑप-सपोर्ट बेस'(Op-Support Base) में अपनी सेवाएँ प्रदान की हैं।
- वर्ष 2018-19 में आईएनएस कलिंग को प्रतिष्ठित यूनिट प्रशस्ति पत्र का पुरस्कार भी दिया जा चुका है।
- पार्क की स्थापना का उद्देश्य वर्ष 1981 से अब तक INS कलिंगा के मिसाइल इतिहास से लोगों को परिचित कराना है।
- इस मिसाइल पार्क की स्थापना मिसाइलों और ग्राउंड सपोर्ट इक्विपमेंट (Ground Support Equipment- GSE) की प्रतिकृति के साथ की जाएगी जो यूनिट द्वारा नियंत्रित मिसाइलों के विकास को प्रदर्शित करता है।
- पार्क का मुख्य आकर्षण पी-70 'अमेटिस्ट'(P-70 Ametist) है, जो पुराने '(चार्ली-1 पनडुब्बी) शस्त्रागार से पानी के नीचे प्रक्षेपित एक एंटी-शिप मिसाइल है। यह एंटी-शिप मिसाइल वर्ष 1988-91 के दौरान भारतीय नौसेना में अपनी सेवाएँ प्रदान कर रही थी।
- यह पार्क स्कूली बच्चों से लेकर नौसेना कर्मियों तथा उनके परिवारों को मिसाइलों और संबंधित प्रौद्योगिकियों के बारे में जिज्ञासु प्रवृत्ति को प्रेरित करने के लिये एक स्थान प्रदान करेगा।

आईएनएस कलिंग:

- आईएनएस कलिंग भारतीय नौसेना का पूर्वी नौसेना कमान क्षेत्र है।
- यह स्टेशन 734.1 एकड़ क्षेत्र में फैला हुआ है।
- आईएनएस कलिंग को 21 नवंबर 1985 में कमीशन किया गया था।
- आईएनएस कलिंग विशाखापट्टनम, भीमुनिपटनम बीच रोड पर स्थित है जो विशाखापट्टनम नेवल बेस से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित है।
- यह पूर्वी बेड़े के जहाज़ों के लिये उन्नत मिसाइलों को तैयार करने, भंडारण और वितरित करने के लिये ज़िम्मेदार है।

स्रोत: पीआईबी